उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 21.09.2023

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना महोबकंठ की पुलिस टीम ने अवैध तमंचा व कारतूस के साथ 02 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार:-

श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा के निर्देशन में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था को अक्षुण्य बनाये रखने हेतु अवैध शस्त्रों की बिक्री एवं उनके निर्माण में प्रभावी रोकथाम व ऐसे अपराधों में लिप्त अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी अभियान के अनुपालन में श्री सत्यम, अपर पुलिस अधीक्षक व सुश्री हर्षिता गंगवार, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ के निकट पर्यवेक्षण में दिनांक 21.09.2023 को प्रभारी निरीक्षक यशवन्त सिंह थाना महोबकंठ के नेतृत्व में गठित टीम के उ.नि. देवेन्द्र कुमार ओझा द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम टिकरिया के स्थित पुलिया के पास से 02 नफर अभियुक्तगण 1. अरविन्द यादव पुत्र भालूराम यादव उम्र करीब 40 वर्ष 2. सूरज सिंह यादव पुत्र शेर सिंह यादव उम्र 37 वर्ष निवासीगण ग्राम टिकरिया थाना महोबकंठ, महोबा को नियमानुसार गिरफ्तार किया गिरफ्तार अभियुक्त अरविन्द्र यादव उपरोक्त के कब्जे से 01 अदद देशी राइफल 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज व अभियुक्त सूरज सिंह यादव उपरोक्त के कब्जे से 01 अदद देशी तमन्चा 12 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर नाजायज बरामद किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना स्थानीय पर क्रमश: मु.अ.सं. 144/23 व मु.अ.सं. 145/23 धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया तथा बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्तगणों को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-

1.उ.नि. देवेन्द्र कुमार ओझा

2. का0 भरत सिंह

### गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1.अरविन्द यादव पुत्र भालूराम यादव उम्र करीब 40 वर्ष2. सूरज सिंह यादव पुत्र शेर सिंह यादव उम्र 37 वर्ष नि0गण ग्राम टिकरिया थाना महोबकंठ जनपद महोबा



## साइबर अपराध से बचाव हेतु पुलिस अधीक्षक महोबा की पहल पर "ऑपरेशन ज्ञान कवच" अभियान के तहत जनपदीय साइबर सेल/थाना कुलपहाड़ की पुलिस टीम ने थाना कुलपहाड़ महोबा क्षेत्रअन्तर्गत "कुलपहाड़ क्रिश्चियन स्कूल" में जागरुकता चौपाल लगाकर साइबर अपराध एवं साइबर सुरक्षा के प्रति किया जागरुक, वितरित किये जागरुकता पम्पलेट्स-

बढते हुये साइबर अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा की पहल पर साइबर अपराध से बचाव हेतु अभियान "**ऑपरेशन ज्ञान कवच**" चलाया जा रहा है, ऑपरेशन ज्ञान कवच अभियान के तहत आज दिनांक 21.09.2023 को श्री रवि कुमार सिंह, प्रभारी साइबर/सर्विलांस सेल के नेतृत्व में जनपदीय साइबर सेल पुलिस टीम क्रमशः कां. शैलेन्द्र प्रताप सिंह, कां. सत्यम सिंह, कां. सुरजीत कुमार व थाना कुलपहाड़ में नियुक्त उ.नि. हरिभजन गौतम, कां. अभिषेक द्वारा थाना कुलपहाड़ महोबा क्षेत्रअन्तर्गत "कुलपहाड़ क्रिश्चियन स्कूल" में जाकर "**ऑपरेशन ज्ञान कवच**" अभियान के अन्तर्गत साइबर जगरुकता चौपाल का आयोजन कर स्कूल में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के साथ संवाद कर साइबर अपराध एवं उनकी रोकथाम के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई एवं सभी को साइबर जागरुकता पम्पलेट्स वितरित की गईं।

श्री रवि कुमार सिंह, प्रभारी साइबर/सर्विलांस सेल ने "**ऑपरेशन ज्ञान कवच**" अभियान के तहत साइबर अपराध से बचाव के तरीके में बताया कि किस तरीके से साइबर ठग एटीएम फ्रॉड, क्रेडिट कार्ड/यूपीआई फ्रॉड, ऑनलाइन लॉटरी/ईनाम, शॉपिंग ऐप्स, गूगल सर्च में थोडी सी चूक पर गलत वेबसाइट में क्लिक हो जाने, एनीडेस्क क्विक सपोर्ट जैसे रिमोट एक्सेस एप्लीकेशन डाउनलोड कराकर भेजे गये लिंक के माध्यम से साइबर ठगी का शिकार बनाते हैं। इसके अतिरिक्त युवाओं में आजकल ट्रैंडिंग में चल रहे विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे- फेसबुक, इंस्टाग्राम, स्नैपचैट,शेयरचैट व व्हाट्सएप से संबंधित होने वाले विभिन्न अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी इनके बचाव के तरीकों को बताया गया साथ ही इस संबंध में उनसे अपील की गई कि अपने पारिवारिक जनों व पास-पड़ोस के लोगों को भी साइबर अपराध के तरीकों व इनसे बचाव के तरीकों के संबंध में जागरूक करें, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को बढ रहे साइबर अपराध से बचाया जा सके।

यदि किसी के साथ वित्तीय साइबर फ्रॉड होता है तो तुरंत www.cybercrime.gov.in/ साइबर सेल /संबंधित थानों पर स्थापित साइबर हेल्प डेस्क या साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज कराएं ताकि शीघ्र कार्यवाही कर आपकी मदद की जा सके।









उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 21.09.2023**


# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु जनपदीय पुलिस बल द्वारा पैदल गश्त कर संदिग्ध व्यक्ति-वस्तु व वाहनों की, की गयी सघन चेकिंग, पैदल गस्त के दौरान आमजन व व्यापारियों से संवाद कर सुरक्षा का दिलाया गया भरोसा।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में आज दिनांक **21.09.2023** को जनपद में चाक-चौबन्द सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था तथा महिला सुरक्षा के दृष्टिगत जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष/ चौकी प्रभारी द्वारा मय पुलिस बल के साथ सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए सायं कालीन पैदल गश्त की जा रही है ।


पैदल गश्त के दौरान जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रमुख मार्गो, चौराहों, बाजारों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों आदि पर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की गहनता से चेकिंग की गई तथा अतिक्रमण करने वाले व्यापारियों, दुकानदारों एवं अव्यवस्थित तरीके से वाहन खड़ा करने वाले लोगों से वार्ता कर शासन की मंशानुरुप उन्हें व्यवस्थित तरीका अपनाने के लिए दिये गए आवश्यक दिशा निर्देश व आमजन को आश्वस्त कराया गया कि जनपद महोबा पुलिस शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है। संवेदनशील स्थानों में संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की सघन चेकिंग की गई साथ ही यातायात नियमों के उल्लंघन में वाहनों के ई-चालान किये गये।











महोबा पुलिस